# MODEL EXAMINATION-2018-19.

HINDI - CLASS- X (COURSE- B)

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड है-क,ख ग और ध।

2 चार खंडों के प्रश्न देना अनिवार्य है।

3.य़थासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए

समय- 3 धंटे पूर्णांक- 80.

## खंड-क

१ निम्नलिखित गद्यॉंश को ध्यानपूर्व पढकर पूछे गए **प्रश्नों** के सही उत्तर लिखिए

जिसे भारतीय संसकृति कहा जाना चाहिए, वह आज भारतीय मानसिक क्षितिज में क्रियाशील नहीं है। आज एक प्रकार की अव्यवस्थित व्यावसायिक संस्कृति व्याप्त है, जिसकी जड शायद यूरोप में है । भारतियों के सर्वजनिक व्यवहार में गुरु-शिश्य संबंध का भी तदनुरूप परिवर्तन हो गया है। यहॉं गुरु वेतनभोगी नहीं होते थे और न शिष्य को ही शुल्क दोना पडता था। पैसे देकर विद्या खरीदने की यह क्रय -विक्रय पद्धति निसन्देह इस भारतीय मिट्टी की उपज नहीं है। यहॉं शिक्षणालय एक प्रकार के आश्रम अथवा मंदिर के समान थे।गुरू को साक्षात् परमेश्वर ही समझा जाता था । शिष्य पुत्र से अधिक प्रिय होते थे। यहॉं सम्मान मिलना ही शक्ति पाने का रहस्य रहा है। प्राचीन काल में गुरु की शिक्षादान -क्रिया उनका आध्यात्मिक अनुष्ठान थी। परमेश्वर प्राप्ति का उनका यह एक माध्यम था। यह आज पेट पालने का जरिया बन गई है। प्रारंभ में विवेकानंद को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त नहीं हुआ। पर जब उन्होने अमेरिका में नाम कमा लिया तो भारतवासी दौडे मालाएँ लेकर स्वागत करने। रवीन्द्रनाथ ठाकुर को भी जब नोबल पुरस्कार मिला तो बंगाली दौडे उनका स्वागत करने। भरतनाट्यम और कथकली को कोई नहीं पूछता था, पर विदेशों में मान मिलने लगा तो आश्चर्य से भारतवासी सोचने लगे अरे हमारी संस्कृति में इतनी अपूर्व चीजें भी पडी थी क्या़?

1. जिसे भारतीय संसकृति कहा जाना चाहिए वह आज भारतीय मानसिक क्षितिज में क्रियाशील क्यों नहीं है ? 2

2 .प्रचीन भारत में गुरु शिष्य संबंध कैसे होते थे ? 2

3. गुरु शिष्य संबंध में क्या परिवर्तन आया है? 2

4. गुरु -शिष्य संबंधों में यह परिवर्तन किसके प्रभावस्वरूप हुआ है? 2

5. इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए। 1

1.प्रात: काल सूर्योदय से पूर्व शय्या त्यागकर खुली हवा में भ्रमण करने से शरीर का अंग-अंग खुलता है । इस समय उपवन, वन, खेत या नदी तट की सैर मन को आनंद प्रदान करती है । शीतल ताज़ी हवा के कारण शरीर में प्रवेश करने वाली आक्सीजन साँसों को ताज़गी देती है । प्रात:काल सूर्य की सुनहरी किरणें मानो स्वर्गिए संदेश लेकर धरती पर आती हैं । उनसे समस्त सृष्टि में नई चेतना का संचार होता है । इस समय वन-उपवन में पुष्प विकसित होते हैं । तड़ागों में कमल मुसकाते हैं । पेड़ों पर पक्षी चहचहाते हैं । धीमी-धीमी, शीतल, सुगंधमय पवन के झोंके हृदय में हिलोरे उठाते हैं । ऐसी मोहक प्रकृति से दूर सोए रहने वाले अभागे हैं । उनका भाग्य भी उन्हीं की तरह सोया रहता है, ऐसे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ताहै ।

(क) समस्त सृष्टि में नई चेतना का संचार होता है : 2

(1) जल से (2) सुगंधमय पवन से

(3) प्रात:काल सूर्य की सुनहरी किरणों से (4) कमलों की मुस्कान से

(ख) शय्या शब्द का अर्थ है - 2

(1) निंद्रा (2) आलस्य

(3) चारपाई (4) शयंकक्ष

(ग) वन खेत या नदी तट की सैर मन को अपार आनंद प्रदान करती है : 2

(1) प्रात:कालके समय (2) सूर्योदय के समय

(3) सांयकाल के समय (4) रात्रि के समय

(घ) स्वर्ग के संदेस लेकर धरती पर आती है - 2

(1) उषा (2) देवदूत

(3) शीतल पवन (4) सूर्य की सुनहरी किरणें

(ङ) अभागा किसे कहा है ? 1

(1) सोये रहने वाले को (2) अपने हृदय को

(3) सुबह सोने वालों को (4) शाम के समय को

2, निम्नलिखित काव्यॉंश ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए अटपटी उलझी लताएं

डालियों को खींच लाएं

पैर को पकडे अचानक,

प्राण को कस लें कॅंपाएं

सॉंप सी काली लताएँ

बला की पाली लताएँ

लताओं के` बने जंगल,

न्रींद में डूबे हुए से,

ऊँघते ,अनमने जंगल।।

1. इन पंक्तियों में कहॉं का चित्रण है ? 1

2. लताओं को अटपटी उलझी क्यों कहा गया है? 1

3. काली लताओं को किसके समान बताया गता है और क्यों? 1

4. जंगल किसके बने बताए गए है और क्यों? 1

5. जंगल को ऊँधते ,अनमने क्यों कहा गया है? 1

6. इस काव्यॉंश से अनुप्रास और उपमा अलंकार का एक एक उदाहरण छॉंटकर लिखो। 1

## अथवा

. पहले से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है,

अपना सुख उसने अपने भुजबल से ही पाया है ।

प्रकृति नहीं डर कर झुकती है कभी भाग्य के बल से ,

सदा हारती वह मनुष्य के उद्यम से, श्रमजल से ।

ब्रह्मा का अभिलेख - पढ़ा करते निरुद्यमी प्राणी
धोते वीर कु-अंक भाल का बहा भ्रुवों से पानी ।
भाग्यवाद आवरण पाप का और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एक जन भाग दूसरे जन का ।
पूछो किसी भाग्यवादी से यदि विधि-अंक प्रबल है
पद पर क्यों देती न स्वयं वसुधा निज रतन उगल है ?

1 मनुष्य सुख कैसे प्राप्त करता है ? 1

2 प्रकृति किसके समक्ष नहीं झुकती ? 1

3 ब्रह्मा का अभिलेख कौन पढ़ा करते हैं ? 1

4 शस्त्र किसका प्रतीक है ? 1

5 धरती से भी अनाज कैसे प्राप्त किया जाता है ? 1

6 भाग्यवादी से क्या पूछना है ? 1

## खंड-ख

3 शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। 2

4 निर्देशानुसार वाक्य बदलिए 3

(क) तुम बस रुकने के स्थान पर चले जाओ। (मिश्रवाक्य में बदलिए)

(ख) आप द्वार पर बैठकर उसकी प्रतीक्षा करें (संयुक्त वाक्य बदलिए)

(ग) वह बीमार था इसलिए परीक्षा में सफल न हो सका ( सरल वाक्य में बदलिए)

5. (क) निम्नलिखित **में से किन्हीं दो** समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए २

दिन-रात **नीलकंठ** तीसरी कसम

(ख) निम्नलिखित **में से किन्हीं दो** विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।२

देश से निकाला **पाँच अमृतों का समूह** लगाम के बिना

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के लिखिए 4

(क) मेले में बच्चा खो गई।

(ख) वह ने खाना खा लिय़ा।

(ग) एक फूलों का माला लाओ।

(घ) यहाँ पर कल एक लडका और एक लडकी बौठी थी।

७. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2

(क) अपने पैरों पर खडे होना। (ख) इशारे पर नाचना।

## खंड -ग

8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

(क) बडे भाई साहव को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पडती थी? 2

(ख) निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है? 2

(ग)शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यवहारिकता की तुलना तॉबे से क्यों की गई है? 1

9. शमसुद्दौला कौन था एकॉंकी में उसका नाम किस संदर्भ में आया है 5

अथवा

सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

(क) मीठी वाणी बोलने से औरो को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है 2

(ख) मीराभाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है - स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) बिहारी के दोहों के आधार पर ग्रीष्म ऋतु की प्रचंण्ड गर्मी और दोपहरी का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

11. मैथिलीशरण गुप्त ने गर्वरहित जीवन बिताने के लिए क्या तर्क दिए है? 5

अथवा

पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते है? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए

१२.ठाकुरबारी के प्रति गाँववालों के मन में आपार श्रद्धा के जो भाव है उनसे उनकी किस मनोवृत्ति का भाव का पता चलता है ? 5

अथवा

तालाब में तैरने का आनंद लेखक कौसे लेता था?

खंड- ध

१३. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग १०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) स्वतंत्रता का महत्व ।

स्वतंत्रता का महत्व।

स्वतंत्रता की आवश्यकता।

स्वतंत्रता के लाभ।

(ख) बिना विचारे जो करे, सो पाछे पछिताय।

विचारपूर्वक कार्य करने का महत्व।

कार्य करने के पहले सोच-विचार करना।

बिना विचारे कार्यकरने का नतीचा।

विचारपूर्वक **कार्य** करने की **आवश्यकता**।

(ग) छात्र जीवन में खेलों की महत्ता।

छात्र जीवन का अर्थ।

जीवन में खेलों की भूमिका।

खेलों से मिलने वाले लाभ।

14. अपने बडे भाई की शादी होने के कारण आप अपने विद्यालय आने में असमर्थ है।
चार दिन की अवकाश प्राप्ति के लिए **प्र**धानाचार्य को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने क्षेत्र में अपराधों को रोकने के लिए थानाध्धक्ष को एक पत्र लिखिए।

15. श्री राकेश चौधरी का चौदह वर्षीय लडका घर से भाग निकला है । उसकी तलाश के लिए एक सूचना पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने विद्यालय में कवि सम्मेलन के आयोजन की सूचना पत्र लिखिए ।

16. रिक्शा चालक और मनीषा के बीच हुए संवादों को अपने शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

सब्जीवाले से ग्राहक की बातचीत अपने शब्दों में लिखिए।

17. नहाने का **सा**बून कंपनी का विज्ञापन लिखिए। साबून का नाम - कमल 5

अथवा

सिलाई मशीन का एक विज्ञापन लिखिए। सिलाई मशीन का नाम  विनटेक

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION